दिन– गुरुवार दिनांक– 17 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जुलाई माह से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक निःशुल्क बिजली देने की घोषणा की।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस पुरस्कार प्रदान करेंगी। राजधानी पटना को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर के पुरस्कार से करेंगी सम्मानित।

03. प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते गयाजी, जहानाबाद, रोहतास और औरंगाबाद जिले के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति। सड़कों और पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित।

04. और, मौसम विभाग ने आज सीवान, सारण, भोजपुर, कैमूर, बक्सर तथा रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जुलाई माह से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक निःशुल्क बिजली मिलेगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश के कुल एक करोड़ सड़सठ लाख परिवारों को फायदा मिलेगा। श्री कुमार ने बताया कि आगामी तीन वर्षों में सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों या नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जायेंगे। कुटीर ज्योति योजना के तहत अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आयोजित कार्यक्रम से ग्रामीण कार्य विभाग की इक्कीस हजार चार सौ छह करोड़ रूपये लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में ग्यारह हजार तीन सौ छियालीस सड़क और सात सौ तीस पुल का निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी भी मौजूद रहेंगे।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस कार्यक्रम में शहरी भारत के सबसे स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया जायेगा और स्वच्छ भारत मिशन–शहरी को आगे बढ़ाने के

प्रयासों को मान्यता दी जायेगी। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष कुल अठहत्तर पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

सर्वेक्षण में कचरामुक्त शहर की श्रेणी में राजधानी पटना को तीन स्टार रेटिंग मिली है। राष्ट्रपति समारोह में राजधानी पटना को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर के पुरस्कार से भी सम्मानित करेंगी।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, यूआईडीएआई ने एक करोड़ सत्रह लाख मृत व्यक्तियों के आधार नंबर को सत्यापन के बाद निष्क्रिय कर दिया है। भारत के महापंजीयक ने अब तक यूआईडीएआई को आधार कार्ड निष्क्रिय करने के संबंध में चौबीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग एक करोड़ 55 लाख मृतकों का डाटा उपलब्ध कराया है। यूआईडीएआई ने पिछले महीने मायआधार पोर्टल पर एक नई सेवा **परिवार के मृतक सदस्य की सूचना** भी शुरू की है। मंत्रालय ने कहा कि इस पोर्टल से लोग अपने परिवार के सदस्यों की मृत्यु के बारे में सूचना दे सकते हैं।

---

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक छह करोड निन्यानवे लाख से अधिक मतदाताओं का गणना प्रपत्र जमा हो चुका है। यह कुल मतदाताओं की संख्या का अट्ठासी दशमलव छह पांच प्रतिशत है। निर्वाचन आयोग में सहायक निदेशक अपूर्व कुमार सिंह ने बताया कि अब मात्र चौवन लाख सात हजार से अधिक मतदाताओं का प्रपत्र जमा किया जाना शेष है। यह कुल मतदाताओं की संख्या का छह दशमलव आठ पांच प्रतिशत है। अभियान के संपन्न होने में केवल आठ दिन शेष रह गये हैं। इसे देखते हुए निर्वाचन आयोग ने बाकी बचे मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने की अपील की है।

---

बिहार निर्वाचन विभाग द्वारा चर्चित अभिनेता क्रांति प्रकाश झा और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नीतू चंद्रा को राज्य स्तरीय स्वीप आइकॉन के रूप में नामित किया गया है। ये दोनों मतदाताओं को मतदान और लोकतंत्र में भागीदारी के लिए जागरुक करेंगे।

---

बिहार पुलिस में स्पेशल टास्क फोर्स, एसटीएफ के अधीन कॉन्ट्रैक्ट किलर सेल का गठन किया है। एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने बताया कि यह सेल नये पुराने सभी शूटरों से संबंधित डेटाबेस इकट्ठा करेगा और उनकी

गतिविधियों पर नजर रखेगा। इससे संबंधित जानकारी सभी जिलों को उपलब्ध करायी जायेगी।

---बाईट---

---

एसएसबी सीमांत मुख्यालय पटना के आईजी निशित कुमार उज्ज्वल ने कहा है कि भारत नेपाल अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर पांच सौ चालीस किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और मजबूत होगी। श्री उज्ज्वल ने बताया कि भारत–नेपाल बॉर्डर पर एक हजार दो सौ निन्यानवे अतिक्रमण चिन्हित किये गये थे, जिसमें एक हजार एक सौ चौवालीस को हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल बॉर्डर पर इस वर्ष जनवरी महीने से अब तक चीन के आठ नागरिक सहित चौदह विदेशी नागरिकों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया है।

---बाईट---

---

सीबीआई ने सासाराम स्थित यूनियन बैंक की शाखा के प्रबंधक विजय कुमार और एक अन्य कर्मी विक्की कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोनों बैंक कर्मी शिकायतकर्ता को मुद्रा योजना के तहत तीन लाख रूपये लोन दिलाने के एवज में छह हजार रूपये घूस ले रहे थे।

---

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण दक्षिण बिहार के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति बन गयी है। फल्गु नदी में उफान से गयाजी और जहानाबाद जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कई सड़के क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। गयाजी से हमारे संवाददाता ने बताया कि फल्गु नदी का जलस्तर पहली बार एक लाख क्यूसेक से अधिक दर्ज किया गया। उदेरास्थान बराज पर नदी का डिस्चार्ज एक लाख पन्द्रह हजार क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया। एक रिपोर्ट–

---बाईट---

फल्गु नदी में उफान से गयाजी के बाराचट्टी, ईमामगंज, बांके बाजार, शेरघाटी, बोधगया और आमस सबसे अधिक प्रभावित हुये हैं। शेरघाटी में एक पुलिया के बह जाने से लगभग पन्द्रह हजार की आबादी प्रभावित हुई है। वहीं, बाराचट्टी में धरधरी पर बनी पुलिया का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। शेरपुर–फतेहपुर को जोड़ने वाला पुल भी पानी के तेज बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। बोधगया में बतसपुर–मौराटाल सड़क कट गयी है। इधर, जिला प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत और बचाओ अभियान शुरू कर दिया है। चार जगहों पर सामुदायिक किचेन की शुरूआत की गयी है। बाढ़ प्रभावितों के लिए पंचायत भवन, सरकारी विद्यालय और सामुदायिक भवन में आश्रय गृह बनाये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

इधर, बिहारशरीफ–जहानाबाद एनएच तैंतीस पर पानी का तेज बहाव हो रहा है। इस कारण यातायात बाधित हुआ है। नवादा में खुरी और सकरी नदी भी उफान पर है। जिले के रजौली में धमनी–सवैयाटांड पथ तीस फीट की लम्बाई में क्षतिग्रस्त हो गया है। औरंगाबाद में सोन, बटाने और पुनपुन नदी के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुये नदी किनारे बसे लोगों को अलर्ट किया गया है।

हमारे रोहतास संवाददाता ने बताया कि सोन नदी के जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये केन्द्रीय जल आयोग ने यदुनाथपुर और आस–पास के इलाके में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। इधर, जिले के शिवसागर में एनएच उन्नीस पर तीन फीट तक पानी का बहाव हो रहा है। इसके चलते एनएच पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। तिलौथु मां तुतला भवानी वाटर फॉल भी अपने रौद्र रूप मे है। किसी भी अनहोनी को टालने के लिए प्रशासन ने मंदिर में एक बार में दस लोगों को ही अंदर जाने देने का निर्णय लिया है। इधर, कैमूर जिले में छोटी–बड़ी पहाड़ी नदियों के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अभी गुप्ताधाम नहीं आने की अपील की है।

---

इस बीच, केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य से होकर गुजने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। वहीं, सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में नदी का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र सैंतीस सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। गंगा नदी के जलस्तर में पटना के गांधी घाट और हाथीदह में लगातार बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में चेतावनी के स्तर से अड़तालीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ और खगड़िया के बलतारा में लगातार बढ़ रहा है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से पिछले दो दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। खास कर दक्षिणी हिस्सों में कई जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास, कैमूर, सारण, वैशाली, भोजपुर, मधुबनी, समस्तीपुर और सहरसा समेत कई जिलों में सौ मिलीमीटर से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गयी। मधुबनी में सबसे अधिक दो सौ पच्चीस मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज सीवान, सारण, भोजपुर, कैमूर, बक्सर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष

हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की घटना में कम से कम उन्नीस लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गये। सबसे अधिक छह लोगों की मौत नालंदा जिले में हुई है। वहीं, वैशाली में चार और पटना, नवादा तथा बांका में दो–दो लोगों की मौत की खबर है। इसके अलावा शेखपुरा, जहानाबाद और जमुई जिले में भी वज्रपात की चपेट में आने से एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है।

---

बिहार पुलिस में सिपाही बहाली के पहले चरण की कल सम्पन्न हुई परीक्षा के दौरान कुल पन्द्रह अभ्यर्थियों को फर्जीवाड़ा के आरोप में चिन्हित किया गया। इनमें से छह की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि नौ अभ्यर्थियों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– चौथे चरण के तहत शिक्षकों के खाली पदों पर भर्ती जल्द।

दैनिक भास्कर ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पानी बरसा, गरजा काल। उन्नीस मरे।

प्रभात खबर लिखता है– कल मोतिहारी से बिहार को सात हजार दो सौ करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे पीएम मोदी।

दैनिक जागरण लिखता है– सौ जिलों में लागू होगी पीएम धन–धान्य कृषि योजना।

राष्ट्रीय सहारा ने सीडीएस के हवाले से लिखा है– ड्रोन और मानवहित हवाई प्रणालियों में आत्मनिर्भरता जरूरी।

आज अखबार की सुर्खी है– शुभांशु शुक्ला की वापसी पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल में संकल्प पारित।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जुलाई माह से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक निःशुल्क बिजली देने की घोषणा की।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस पुरस्कार प्रदान करेंगी। राजधानी पटना को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर के पुरस्कार से करेंगी सम्मानित।

03. प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते गयाजी, जहानाबाद, रोहतास और औरंगाबाद जिले के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति। सड़कों और पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित।

04. और, मौसम विभाग ने आज सीवान, सारण, भोजपुर, कैमूर, बक्सर तथा रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।